(ख) और (ग) जी, हां । मध्य-देश में, जबलपुर और जगदलपुर में कार्यरत मौजूदा अल्प शक्ति टी. वी. ट्रांसमीटरों के स्थान पर उच्च शक्ति टी. वी. ट्रांसमीटर लगाने की स्कीमों पर काम हो रहा है । इन स्कीमों के पूरा होने पर राज्य में लगभग 99.2% जनसंख्या को टी. वी. सेवा मिलने लगेगी । इसके अलावा राज्य के कुकडेश्वर में एक नया अति अल्प शक्ति (2×10 कि. वा.) टी. वी. ट्रांसमीटर लगाने की योजना है ।

विवरण

क्रम संख्या	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	कवर की गई प्रतिशत जनसंख्या
1	2	3
1.	आंध्र प्रदेश	70.0
2.	अरुणाचल प्रदेश	44.4
3.	असम	80.8
4.	बिहार	86.3
5.	गोवा	100.0
6.	गुजरात	76.8
7.	हरियाणा	98.5
8.	हिमाचल प्रदेश	58.7
9.	जम्मू और कश्मीर	89.8
10.	कर्नाटक	57.1
11.	केरल	86.3
12.	मध्य प्रदेश	57.4
13.	महाराष्ट्र	54.7
14.	मणिपुर	66.4
15.	मेघालय	97.2
16.	मिजोरम	53.1
17.	नागालैण्ड	47.2
18.	उड़ीसा	65.5
19.	पंजाब	100.0
20.	राजस्थान	52.1
21.	तमिलनाडु	89.2
22.	सिक्किम	63.1
23.	त्रिपुरा	93.3
24.	उत्तर प्रदेश	87.6
25.	पश्चिम बंगाल	95.1
1	2	3
	संघ शासित क्षेत्र	
1.	अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह	99.0
2.	चंडीगढ़	100.0
3.	दादरा और नगर हवेली	43.6
4.	दिल्ली	100.0
5.	दमन और द्वीव	100.0
6.	पांडिचेरी	100.0
7.	लक्षद्वीप समूह	99.0
	राष्ट्रीय औसत	78.7

टिप्पणी : ऊपर दिये गये कवरेज आंकड़ों में किनारे के क्षेत्र भी शामिल हैं जहां अच्छी तस्वीर और आवाज प्राप्त करने के लिए ऊंचे एंटीना तथा बूस्टर आदि लगाने पड़ते हैं ।

Production of Tractors

575. SHRI PASUMPON THA. KIRUTTINAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the total number of agricultural tractors of different types and horse powers, produced in India;

(b) whether the domestic production of tractors is adequate to meet the internal demands;

(c) if not, the details thereof;

(d) whether the Indian tractors are being exported; and

(e) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. J. KURIEN): (a) The total production of

agricultural tractors in India daring 1990-91 was :

Sl. No.	Horse Power range	Production in numbers
1	Upto 20 H.P.	111
2	21 to 30 H.P.	48,119
3	31 to 40 H.P.	66,694
4	41 to 50 H.P.	21,257
5	51 H.P. & above	3,104
	TOTAL	139,285

(c) Does not arise.

(d) and (e) Yes, Sir. Some manufacturers are exporting tractors. The value of export of tractors including components, implements, etc., of these units is reportedly in the range of Rs. 2.5 crores to Rs. 3 0 crores.

सिविल सेवा परीक्षा 1991 के प्रश्नपत्रों के परीक्षापूर्व लीक हो जाने के संबंध में जांच

576. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिविल सेवा परीक्षा 1991 के प्रश्न पत्रों के परीक्षा-पूर्व लीक हो जाने संबंधी जांच कार्य पूरा हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में अब तक क्या कार्यवाही की गयी है।

कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) :

(क) और (ख) : केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने अभी जांच पूरी नहीं की है

अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह

577. श्री शंकर दयाल सिंह क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) त्रिवेन्द्रम में आयोजित किये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह में भाग लेने के लिये कौन-कौन से देश सहमत हो गये हैं ;

(ख) क्या दिल्ली, मुम्बई तथा देश के अन्य भागों से इन फिल्मों को देखने के लिये आने वाले व्यक्तियों को यात्रा रियायत दिये जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो इस योजना का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) विश्व भर के बाल फिल्म निर्माताओं को प्रविष्टि फार्म भेजे जा चुके हैं। प्रविष्टियां प्राप्त होने की अन्तिम तारीख 30 सितम्बर, 1991 है। नार्वे, हालैण्ड, आस्ट्रिया, ईरान और ब्रिटेन ने पहले ही इस समारोह में भाग लेने की पुष्टि कर दी है।